एक नजर में

संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण से ही संभव : क्षितिज भट्ट

बुरहानपुर। लोकमान्य तिलक मंडल की मासिक बैठक शनिवार को मंसाराम मंदिर प्रतापपुरा बुरहानपुर में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी क्षितिज भट्ट जी ने की,कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण से ही संभव है। सभी कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों में बढ़.चढ़कर भाग लेने और आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का आह्वान किया गया। बैठक में विभिन्न विषयों पर सुझाव लिए गए तथा बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने की रणनीति पर जोर दिया गया। साथ ही एक पौधा भी लगाया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर श्री मनोज माने जी एभाजपा जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी श्री ईश्वर चौहान ,मंडल अध्यक्ष अक्षय मोरे,जिला कार्यालय प्रभारी विपुल कानूनगो , युवा मोर्चा महामंत्री भारत रावल , समस्त पार्षदगण , मंडल पदाधिकारी 'एबड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नेपानगर-गोराड़िया में हुई बारिश, सीवल में रिमझिम

बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले में एक बार फ्रि मौसम का मिजाज बदल गया है। शुक्रवार शाम को शहर में बारिश दर्ज की गई थीए वहीं शनिवार को नेपानगर और गोराड़िया सहित कई इलाकों में बारिश हुई। नेपानगर में शाम 4.30 बजे से 4.40 बजे तक 10 मिनट तक तेज बारिश हुई। नेपानगर क्षेत्र के ग्राम डाभियाखेड़ा और सीवल में रिमझिम बारिश हुईए जबकि ग्राम गोराड़िया में सात मिनट तक बारिश के साथ तेज हवाएं भी चलीं। बुरहानपुर शहर में भी शाम 5 बजे हल्की बारिश दर्ज की गई। पिछले कुछ दिनों से जिले में मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा हैए हालांकि तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है। शनिवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन पहले शुक्रवार को भी तापमान समान था। मौसम में लगातार हो रहे इस बदलाव से किसान चिंतित हैं। इससे पहलेए 30ए 31 मई और 1 जून की अल सुबह तेज हवाएं चलने से बुरहानपुर जिले में केले की फ्सल को काफी नुकसान पहुंचा थाए जिसका सर्वे अभी भी जारी है। हालांकिए शनिवार शाम 5 बजे तक आज की बारिश से किसी नए नुकसान की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

बारिश के दौरान कुछ खेतों में केला फ्सल को नुकसानः-नेपानगर क्षेत्र के सीवलए साईंखेड़ा क्षेत्र में शनिवार शाम तेज हवाएं चली। जिसके के कारण सीवल के एक किसान हरि श्यामू महाजन के खेत में लगे 3200 केले के पौधों में से काफी संख्या में पौधे औंधे हो गए। वहीं सांईखेड़ में भी कुछ किसानों के खेतों में नुकसान पहुंचा है। नेपानगर एसडीएम भागीरथ वाखला ने कहा नुकसानी का सर्वे कराया जाएगा।

किसानों की सुरक्षा और जल प्रबंधन सर्वोच्च प्राथमिकता : प्रभारी मंत्री सिलावट

बुरहानपुर। जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु के आगमन से पूर्व सभी सिंचाई परियोजनाओं,जल संरचनाओं तथा मरम्मत एवं सुधार कार्यों को समय.सीमा में पूर्ण किया जाए। संभावित जोखिमों और चुनौतियों का पूर्व आंकलन कर उनके निराकरण की तैयारी अभी से सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से फील्ड भ्रमण करें,सूचना तंत्र को मजबूत रखें तथा परियोजनाओं की सतत् निगरानी करें। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों और जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वानः-बैठक में प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत तालाबों, जलाशयों एवं अन्य जल संरचनाओं के आसपास व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के इस अभियान से अधिकाधिक लोगों को जोड़ा जाए तथा जल स्रोतों के संरक्षण को जनभागीदारी से मजबूत बनाया जाए। साथ ही जल संसाधन क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पांगरी मध्यम सिंचाई परियोजना कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देशः-समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने पांगरी मध्यम सिंचाई परियोजना की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। आवश्यकतानुसार संसाधनों में वृद्धि की जाए तथा तकनीकी अथवा प्रशासनिक बाधाओं का तत्काल समाधान कर कार्यों को गति प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना का कार्य युद्धस्तर पर पूर्ण होना चाहिए।

झिरमिट्टी एवं नावथा परियोजनाएं बदलेंगी बुरहानपुर जिले की कृषि तस्वीरः-बैठक में बताया गया कि झिरमिट्टी मध्यम सिंचाई परियोजना पर 922 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से कार्य किया जा रहा है, जिससे 17 हजार 700 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इस परियोजना से 42 ग्रामों के लगभग 11 हजार 800 किसान परिवार लाभान्वित होंगे। इसी प्रकार नावथा वृहद सिंचाई परियोजना पर 1 हजार 676 करोड़ 06 लाख रुपये की लागत से कार्य किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने पर 34 हजार 100 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित होगी तथा 90 ग्रामों के 22 हजार 600 किसान परिवारों को लाभ मिलेगा।

51 हजार 800 हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगा सिंचाई का लाभः-दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने पर बुरहानपुर जिले में कुल 2 हजार 598 करोड़ 97 लाख रुपये के निवेश से 51 हजार 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे 132 ग्रामों के 34 हजार 400 किसान परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यह परियोजनाएं विशेष रूप से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में कृषि विकास और किसानों की आय वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

खाद्य पदार्थों के 16 सैंपल मिले अमानक और मिथ्याछाप

बुरहानपुर जलेबी और नमकीन सेंटर के विरुद्ध बगैर लाइसेंस कारोबार का केस

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को मां एकता मसाला से गरम मसाला एवं तड़का मसाला, रमनलाल एंड ब्रदर्स से धनिया एवं कांटा छाप गरम मसाला, महाकाल ट्रेडर्स से हल्दी, मिर्च एवं धनिया, श्री आनंद स्टोर से नमक तथा गंगा जमुना जी मार्ट से राई, मसाले एवं बेसन के नमूने लिए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य विश्लेषक,भोपाल से प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूनों में से 17 नमूने अमानक एवं मिथ्याछाप पाए गए हैं। सभी 17 प्रकरण एडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं। इनमें से 5 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा 1 लाख 30 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया हैए जबकि शेष प्रकरण विचाराधीन हैं।

इन प्रतिष्ठानों से लिए गए सैंपल :- विभागीय जानकारी अनुसार सई नमकीन, नेपानगर से घी का नमूना एवं न्यू हरिओम डेयरी, मंडी बाजार से दूध का नमूना अमानक मिलने पर 20-20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। साथ ही फेमस दूध डेयरी के मावा तथा नितिन होटल के धनिया का नमूना अमानक मिलने पर 30.30 हजार रुपये वहीं अरुण दूध डेयरी के दूध के नमूने पर 25 हजार तथा योगेश्वर दूध डेयरी के दूध के नमूने पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

इसके अतिरिक्त ए-1 जलेबी सेंटर आजाद नगर का हलवा, एसबी किराना का सोयाबीन तेल, श्री दत्त डेयरी प्रतापपुर का दूध, श्री हरि गोपाल फूड प्रोडक्ट का सोयाबीन तेल, जयसवाल किराना डेड़तलाई का सरसों तेल, जीटी प्रोडक्ट का पान मसाला तथा वीरेंद्र आइस्क्रीम सिंधीपुरा गेट की आइसक्रीम अमानक पाई गई। वहीं ट्रैफिक जाम होटल नेपानगर का मावा रोल, रामकृष्ण मिडवे असीरगढ़ का नमकीन तथा प्रकाश होटल नेपानगर का मावा पेड़ा मिथ्याछाप श्रेणी में पाए गए। इसी कड़ी में बुरहानपुर जलेबी एवं नमकीन सेंटर के विरुद्ध बिना लाइसेंस संचालन का प्रकरण भी दर्ज किया गया।

गुणवत्ता से समझौता मिलने पर जारी है कार्रवाई :- खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण जारी रहेगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर यदि कोई नमूना खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम 2011 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

राठौड़ 20 वर्षों से लगा रहे फल-छायादार पेड़

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे पर्यावरण मित्र संजय राठौड़ पिछले 20 वर्षों से निरंतर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन के कार्यों में सक्रिय हैं। उन्होंने अपने खेत की चारों मेड़ों पर फलदार आम के पौधे लगाए थेए जो आज विशाल वृक्षों का रूप ले चुके हैं और कई पेड़ों पर फल भी आने लगे हैं। यह उनकी दूरदर्शिताए मेहनत और प्रकृति के प्रति समर्पण का उदाहरण है।

संजय राठौड़ ने अपने पर्यावरण सहयोगी मित्रों के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया है। अनेक स्थानों पर पौधों की सुरक्षा हेतु स्थायी जल व्यवस्था की गई हैए वहीं कई स्थानों पर स्वयं एवं सहयोगियों द्वारा प्रतिदिन श्रमदान कर गर्मी के मौसम में पौधों को पानी देकर संरक्षित किया जाता है। उनके अथक प्रयासों से पिछले 20 वर्षों में लगाए गए हजारों पौधे आज हरे.भरे वृक्ष बनकर पर्यावरण को समृद्ध कर रहे हैं। गायत्री परिवार से दो दशकों से जुड़े संजय राठौड़ को संगठन के सप्त आंदोलनों में प्रमुख पर्यावरण आंदोलन के अंतर्गत जिला पर्यावरण प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। वे पेशे से शासकीय शिक्षक हैं तथा शासकीय माध्यमिक शाला तुरकगुराड़ा में पदस्थ हैं।

विशेष बात यह है कि वे प्रतिवर्ष अपने खेत में हजारों पौधे तैयार करते हैं और ग्रामवासियों, विद्यालयों, शिक्षकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ तथा अन्य शुभ अवसरों पर निःशुल्क पौधे भेंट कर वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाते हैं।

खेत बचाव अभियान में वैज्ञानिकों का गांव भ्रमण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में संचालित खेत बचाव अभियान के तहत शनिवार को कृषि विज्ञान केन्द्रए बुरहानपुर के वैज्ञानिकों द्वारा ग्राम शंकरपुरा खुर्द एवं देवरी का भ्रमण किया गया। इस दौरान किसानों को मिट्टी परीक्षणए संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग तथा खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फ्सलें कपासए केलाए सोयाबीन एवं मक्का की उन्नत तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई। विदित है कि जिले में 1 जून से 30 जून्ए 2026 तक खेत बचाव अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र बुरहानपुर के वैज्ञानिक प्रतिदिन दो गांवों का भ्रमण कर किसानों को कृषि संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को मिट्टी परीक्षण के महत्व एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही खरीफ फ्सलों में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में किसानों को जैविक.प्राकृतिक खेती के लाभों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में केवीके वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉण् संदीप कुमार सिंहए कार्तिकेय सिंहए अमोल देशमुख, गोवर्धन राठौड़ए कमल सिंह, संजय राठौड़ए वीरसिंह राठौड़, महिला कृषक संतरीबाईए मधुबाई एवं ज्योतिबाई सहित अन्य कृषकगण उपस्थित रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए दावा-आपत्ति दे सकेंगे 15 जून तक

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। सचिव, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि.स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन हेतु 1 जनवरीए 2026 संदर्भ तारीख के आधार पर फेटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण.2026 की तैयारी के लिए प्रक्रिया एवं समय.सारणी का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 15 मई से 15 जूनए 2026 तक आयोग के संशोधित कार्यक्रमानुसार प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के मतदान केन्द्रों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाना है। इस अवधि के दौरान कोई भी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु ईआर.1, नाम काटने हेतु ईआर.2 तथा मतदाता सूची में संशोधन कराने हेतु ईआर.3 प्रपत्र भरकर संबंधित मतदान केन्द्र पर उपस्थित प्राधिकृत कर्मचारी को प्रस्तुत कर सकता है।

विश्व पर्यावरण दिवस : निगम में मेयर इन काउंसिल की बैठक

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम बुरहानपुर में मेयर इन काउंसिल की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर के सभी हितधारकों, जन प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं एवं नागरिकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के संबंध में व्यापक रूप से जागरूक किया जाएगा।

बैठक में विशेष रूप से घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे के स्रोत स्तर पर चार भागों में अनिवार्य पृथक्करण को सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इसके लिए वार्ड स्तर पर जनजागरूकता अभियान संचालित किए जाने तथा नागरिकों को सूखा, गीला, घरेलू खतरनाक एवं स्वच्छता अपशिष्ट को अलग.अलग रखने के लिए प्रेरित करने का निर्णय लिया गया। मेयर इन काउंसिल द्वारा प्रत्येक वार्ड में जनप्रतिनिधियों एवं नगर निगम अमले के सहयोग से विशेष जागरूकता आयोजित करने, घर-घर संपर्क अभियान चलाने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम.2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ;शहरी 2.0 के विभिन्न घटकों पर भी चर्चा की गई। इसके अंतर्गत शहर में दृश्यमान स्वच्छता, स्रोत पर कचरा पृथक्करण,कचरे का वैज्ञानिक संग्रहण एवं परिवहनए अपशिष्ट प्रसंस्करण परियोजनाओं की प्रगतिए लिगेसी वेस्ट रिमेडिएशनए स्वच्छता अवसंरचना के विकास तथा नागरिक सहभागिता को बढ़ाने के उपायों पर विचार.विमर्श किया गया।

बैठक में महापौर माधुरी अतुल पटेल निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ,एम आई सी सदस्य संध्या राजेश शिवहरे, धनराज महाजन संभाजी सगरे, भारत इंगले महेंद्र इंगले, अनिल विस्पुते, एजाज असरफी, सहायक आयुक्त स्वर्णिका वर्मा, लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल, सहायक यंत्री अशोक पाटिल, गोपाल महाजन कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी , संजय शाह, हरिश मोरे उपस्थित थे।

सामुदायिक सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाना शुरू

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष बागरी के निर्देशनए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण पहल की गई है। थाना प्रभारी कोतवाली श्रीमती नीता देयरवाल द्वारा क्षेत्र के नागरिकों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों से निरंतर संपर्क स्थापित कर सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु प्रेरित किया गया। इस जनसहयोग आधारित पहल के अंतर्गत थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर कुल 14 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं।

स्थापित किए गए कैमरों का विवरण इस प्रकार है। खैराती बाजार रोड पर 03 सीसीटीवी कैमरे,रोशन चौक चौराहे पर 03 सीसीटीवी कैमरे, भैरवलाल जलेबी चौराहे पर 04 सीसीटीवी कैमरे, अनाज मार्केट स्थित इमाम साहब के घर के पास तिराहे पर 04 सीसीटीवी कैमरे इन कैमरों की स्थापना से क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगीए अपराधों की रोकथाम में सहायता मिलेगी तथा किसी भी घटना की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी जांच संभव हो सकेगी। यह पहल पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय एवं विश्वास का उत्कृष्ट उदाहरण है।

रेलवे ने हटाया अतिक्रमण : 60 मकान आए जद में

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। नेपानगर स्थित संजय नगर में शनिवार सुबह रेलवे की टीम ने अतिक्रमण हटाया। भुसावल से खंडवा तक प्रस्तावित 131 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के दायरे में संजय नगर के लगभग 60 मकान आ रहे थे। रेलवे ने इन मकानों को हटाने के लिए नोटिस जारी किए थे। रेलवे ने मकानों के बाहर नोटिस चस्पा कर 6 जून से पहले अतिक्रमण हटाने को कहा था। इसका असर यह हुआ कि दो दिन पहले से ही लोगों ने स्वेच्छा से अपने मकान तोड़ने शुरू कर दिए थे। शनिवार को शेष बचे अतिक्रमण को हटाने के लिए रेलवे की टीम जेसीबी और अमले के साथ संजय नगर पहुंची। इस दौरान किसी तरह का कोई विरोध नहीं हुआए क्योंकि अधिकांश लोगों ने पहले ही अपने मकान तोड़ लिए थे। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। नेपानगर एसडीएम भागीरथ वाखला ने बताया कि रेलवे द्वारा संजय नगर में अतिक्रमण हटाया जा रहा है और इसके लिए प्रशासनिक अमला मुस्तैद है। एएसपी एएस कनेशए तहसीलदार जगन्नाथ वास्कले सहित पुलिस बल और अलग अलग थानों के टीआईए रेल्वे की टीम मौजूद थी । प्रभावित परिवारों को नगर पालिका की ओर से दूसरे स्थान पर विस्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन परिवारों को भातखेड़ा सेक्टर के चूना भट्टा क्षेत्र में बसाया जाएगा। नजूल की जमीन नगर पालिका को आवंटित कर दी गई है।

रविवार को भी सेवासदन महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश पंजीयन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। सेवासदन महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन भोपाल के ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु महाविद्यालय में विद्यार्थियों एवं पालकों की सुविधा हेतु 07 जून 2026 रविवार को भी सुबह 9 बजे से 2 बजे तक पंजीयन प्रक्रिया जारी रहेगी।

सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थी उक्त सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठावे एवं अतीशीघ्र महाविद्यालय में आकर ऑनलाईन पंजीयन कर भविष्य में होने वाली असुविधा से बचे।

समिति सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला ने भी विद्यार्थियों को ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया के द्वितीय चरण का लाभ उठाने का आग्रह किया। उक्त जानकारी ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया प्रभारी डॉ. अनीष पटेल ने दी।

विश्व पर्यावरण दिवस पर ताप्ती सेवा समिति ने किया बीज दान अभियान

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ताप्ती सेवा समितिए बुरहानपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से ष्बीज दान अभियानष् आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने विभिन्न फ्लदारए छायादार एवं देशी प्रजातियों के वृक्षों के बीज दान किए तथा शहरवासियों से भी बीज दान करने और पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान समिति पदाधिकारियों ने कहा कि एक छोटा सा बीज भविष्य में विशाल वृक्ष का रूप लेकर पर्यावरण संरक्षणए जल संरक्षण तथा स्वच्छ वायु प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को बीजों के संरक्षणए संग्रहण एवं दान के प्रति जागरूक होना चाहिए। ताप्ती सेवा समिति ने कहा कि आम,जामुन, नीम, पीपल, बरगद, इमली वृक्षों के बीजों को नष्ट होने से बचाकर उनका संग्रह करें।

कांग्रेस ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर में जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से लालबाग स्थित गांधी कॉलोनी के उर्दू मिडिल स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद हफ़ीज़ मंसूरी,वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रफ़ीक़ मंसूरी,आशीष भगत, अनूप काले, पूर्व पार्षद शौकत भाई शेख,आरिफ़ , हेमंत सोनवणे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष रिंकु टाक ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का संकल्प नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। जिला मीडिया प्रभारी हुसैन मुलायम वाला ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से कांग्रेस द्वारा लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम और वृक्षारोपण अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करेए तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में बड़ी मदद मिल सकती है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

एक नजर

जिले में राष्ट्रीय स्तर की शतरंज प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

देशभर से 240 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा, ग्रैंडमास्टर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी हुए शामिल

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। जिले में 2 दिवसीय 2026 का भव्य शुभारंभ उत्सव होटल एंड रिसोर्ट,बुरहानपुर में हुआ। दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 6 एवं 7 जून को आयोजित है, जिसकी पुरस्कार राशि 6ण्50 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे खिलाड़ीः- प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 240 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता की विशेषता यह है कि इसमें एक ग्रैंडमास्टर, छह इंटरनेशनल मास्टर्स तथा कॉमनवेल्थ गेम्स के रजत पदक विजेता खिलाड़ी सहित कई अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के शतरंज खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में 6 वर्ष की आयु से लेकर 70 वर्ष तक के प्रतिभागी शामिल हैंए जिससे यह आयोजन सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारंभः-कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शुभारंभ समारोह में कलेक्टर श्री हर्ष सिंहए मध्यप्रदेश शतरंज संगठन से श्री अक्षत खंपारिया, जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा, बुरहानपुर शतरंज संगठन के अध्यक्ष प्रफुल्ल मुंशी,रोटरी क्लब बुरहानपुर के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, मनोज शंखपाल, संजय गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता बुरहानपुर जिला शतरंज संगठन एवं रोटरी क्लब बुरहानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है।

खेल भावना और अनुशासन सफलता की कुंजी : कलेक्टर सिंह :-शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर हर्ष सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल भावनाए अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों का बुरहानपुर में स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री हर्ष सिंह एवं युवा खिलाड़ी ने शतरंज की पहली चाल चलकर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया।

कुल 9 राउंड में होगा विजेता का फैसलाः-बुरहानपुर शतरंज संगठन के अध्यक्ष प्रफुल्ल मुंशी ने प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रतियोगिता कुल 9 राउंड में खेली जाएगी। इनमें से 5 राउंड 6 जून तथा 4 राउंड 7 जून को आयोजित किए जाएंगे।